हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 7 अक्टूबर 2025



06 बारिश ने बढ़ाई किसानों की चिंता फसलों को नुकसान...



07 परिजनों में आक्रोश: थाना के सामने शव रखकर दो...



## खबर संक्षेप

### छात्राओं का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन

**सोहागपुर।** पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कामती रंगपुर की छात्राओं का चयन शालेय खेल प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर हुआ है। छात्राएं अब भिंड में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता करेंगी। प्राचार्य लक्ष्मी काकोड़िया ने बताया कि शालेय खेल प्रतियोगिता का संभाग स्तरीय आयोजन गत दिनों किया गया था। तथा राज्य स्तरीय टूर्नामेंट अब भिंड में होगा। जिसमें स्कूल की दो छात्राओं सन्नो सरेयाम तथा सुहानी काकोड़िया का चयन हुआ है। दोनों छात्राओं ने संभाग स्तर पर हुई कबड्डी प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। जिसके बाद इन दोनों खिलाड़ियों का चयन संभाग नर्मदापुरम की टीम में किया गया है। और अब ये दोनों छात्रिएं राज्य स्तर पर प्रदर्शन करेंगी। चयनित छात्राओं को स्कूल प्रबंधन, शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित कोच रिजवान, प्राचार्य लक्ष्मी काकोड़िया, ग्रामवासियों एवं क्षेत्र के खिलाड़ियों ने बधाई दी है।

### प्रथम स्थान मिला

**सीहोर।** भोपाल में बाल रंग प्रतियोगिता में नेहा ने एकल अभिनय, एक पेड़ माँ के नाम और लेखन में प्रथम स्थान प्राप्त किया ।

### 'ड्रीम टीम सोहागपुर' के गरबा महोत्सव में श्रेणियों में किया पुरस्कार वितरण

# बारिश कम नहीं कर सकी प्रेमियों का उत्साह, गरबा महोत्सव संपन्न

'सोहागपुर खेलेगा गरबा' थीम पर सोहागपुर ड्रीम टीम का मंगलम गरबा महोत्सव रविवार रात संपन्न हुआ। समापन दिवस पर बड़ी संख्या में शहर के युवा बालक, बालिकाएं एवं महिलाएं गरबा नृत्य करने पहुंचे।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

दो दिवसीय यह आयोजन सोहागपुर सीएम राइज़ स्कूल के निर्माणाधीन भवन के समीप स्थित स्टेडियम के खेल मैदान पर संपन्न हुआ। आयोजक सोहागपुर ड्रीम टीम के सदस्यों ने बताया कि शनिवार रात को अतिथियों की उपस्थिति में आयोजन प्रारंभ हुआ था। जिसमें सोहागपुर शहर की महिलाओं, बालिकाओं, युवतियों एवं युवा वर्ग ने देवी गीतों पर गरबा नृत्य किया। शनिवार आयोजन का प्रथम दिवस था। आयोजन के द्वितीय दिवस रविवार शाम को तीव्र बारिश हुई। जिसके चलते आयोजन में बाधा की संभावना थी। लेकिन ड्रीम टीम के युवा सदस्यों ने पूरे मैदान पर पॉलिथीन बिछा आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न किया। द्वितीय दिवस भी रात्रि लगभग नौ बजे बड़ी संख्या में शहर की महिलाएं, युवतियां एवं बालिकाओं सहित युवा मैदान पर पहुंचे व झूमकर गरबा नृत्य किया। आयोजकों ने बताया कि आधी रात को आयोजन संपन्न हुआ। आयोजन टीम से प्राप्त जानकारी अनुसार गरबा आयोजन का यह सोहागपुर ड्रीम टीम द्वारा दूसरा वार्षिक आयोजन था।

#### इन्हें मिले पुरस्कार

आयोजकों से प्राप्त जानकारी अनुसार महिला वर्ग में प्राची साहू बेस्ट ट्रेडिशनल अटायर, संध्या सूर्यवंशी गरबा क्वीन, शक्ति मेहरा मोस्ट एनर्जेटिक परफॉर्मेंस श्रेणी में चुने गए। पुरुष वर्ग में अमित खटीक बेस्ट ट्रेडिशनल अटायर तथा नमन मालवीय को मोस्ट एनर्जेटिक परफॉर्मेंस के लिये चुने गए। बालिका वर्ग में शान्वी शर्मा गरबा आईकॉन, दिया पाली मोस्ट कलरफुल अटायर तथा अंशुमा रघुवंशी को ग्रेसफुल गरबा पुरस्कार दिए गए। बच्चों में आद्विक साहू, कृतिका परसाई व लिनीषा जायसवाल ने पुरस्कार प्राप्त किये। ग्रुप डांसिंग में सुचिता जागृति महिला मंडल एवं गरबा डीवाज़ ग्रुप सम्मानित किए गए। तारा जायसवाल, चित्रा तिवारी, अलका पुरोहित, क्षमा दीवान एवं संगीता खनूजा ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

# एसपी ने किया थाना पथरौटा का औचक निरीक्षण किया

### लंबित अपराधों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम साई कृष्णा (भा.पु.से.) ने सोमवार को इटारसी अनुभाग अंतर्गत थाना पथरोटा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लंबित अपराधों एवं शिकायतों की समीक्षा की गई तथा सीसीटीवी कैमरों एवं बंदी लॉकअप की गहन जांच की गई।

पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया कि लंबित अपराधों एवं शिकायतों का शीघ्र निराकरण किया जाए, समंस वारंट की तामिली त्वरित रूप से की जाए, थाने में सतर्कता एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देते हुए सभी रजिस्टरों का समय-समय पर संधारण किया जाए तथा रात्रि गश्त को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। साथ ही, आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए थाना क्षेत्र में विशेष सतर्कता बरतने और कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने हेतु निर्देशित किया। उक्त निरीक्षण के दौरान एसडीओपी इटारसी वीरेंद्र मिश्रा, थाना प्रभारी इटारसी गौरव बुंदेला, थाना प्रभारी पथरोटा संजीव पवार भी उपस्थित रहे।

### पिपरिया थाने भी पहुंचे एसपी





**पिपरिया।** जिले में नवीन पुलिस अधीक्षक सांई कृष्णा एस,छोटा ने पहलेबार मंत्री के आने पर पिपरिया द्वौराकिया और उसके बाद मंगलवारा थाने का निरीक्षण किया गया।इस दौरान एसडीओ पी मोहित यादव मंगलवारा थाने प्रभारी गिरीश त्रिपाठी स्टेशन रोड थाना प्रभारी आदित्य सैनी, बनखेड़ी थाना प्रभारी विजय संससभी अधिकारी कर्मचारियों से मुलाकात कर रिकार्ड लेजर कैमरे कंम्पयूटर रुम खजाना सहित लाकप आदि का निरीक्षण किया। तथा लंबित प्रकरणों शिकायत की समीक्षा करते हुए समंस बारंट की तामील कराने थाने में सतर्कता कानून व्यवस्था बनाए रखना साफ सफाई बनाए रखना है। रात्रि गस्त बढाई जा रही है गिरीश त्रिपाठी मंगलवार थाना प्भारीके काम पर प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया।

# दशहरा मैदान में गूंजे भजन कलाकारों ने बटोरी तालियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पिपरिया पचमढ़ी रोड स्थित इतवारा बाजार में उपलब्ध दशहरा मैदान में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी नवरात्रि में अलग-अलग स्वरूपों में दुर्गा प्रतिमा स्थापित करने के बाद रावण दहन करने के बाद विजयादशमी पर दशहरा मैदान में 31मंडलो के द्वारा देवी-देवता के भजन संध्या भोले और श्री राम के भजन से श्रोताओं ने आनंद लेने वाले लोगों ने भक्ति भावके साथ सुना लगातार 2रात तक चलता रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक ठाकुरदास नागवंशी नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीतनागपाल महिलामोर्चा जिला महामंत्री ममता नागवंशी सविताराज पार्षदमुकेश खटीक नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांतरघुवंशी राजा भैया पटेल सुजीत रघुवंशी पूर्व जिला सतर्कता समिति सदस्य अरविंदराय पवन वालिया की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम समापन समारोह में शामिल हुए राज्य सरकार ने मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने मंडलों को पुरस्कृत किया गया।

# मध्यस्थता जागरूकता शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर





तहसील विधिक सेवा समिति सोहागपुर द्वारा विधिक साक्षरता को लेकर मध्यस्थता जागरूकता शिविरों का आयोजन सतत रूप से किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार छह अक्टूबर 2025 को सोहागपुर न्यायालय परिसर में स्थित अभिभाषक संघ के सभा कक्ष में मध्यस्थता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में एवं सुरेश कुमार चौबे जिला न्यायाधीश तथा अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति सोहागपुर की उपस्थिति में यह मध्यस्थता जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में सभी न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, कर्मचारीगण एवं पक्षकार गण उपस्थित रहे। शिविर में मध्यस्थता के सम्बन्ध में न्यायाधीशों द्वारा सभी को जानकारी दी गई। वहीं न्यायाधीशों द्वारा आवश्यक सुझाव भी सभी से साझा किए गए।

# किसानों की फसल नुकसान पर कांग्रेस का हल्ला बोल, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा



इस वर्ष सिवनी मालवा क्षेत्र में आई अतिवृष्टि, पीला मोजेक रोग और अफलान जैसी प्राकृतिक आपदाओं के कारण किसानों की सोयाबीन फसल पूरी तरह से नष्ट हो गई है। किसानों ने पूरे वर्ष कड़ी मेहनत और भारी लागत लगाई, लेकिन फसल उत्पादन में भारी गिरावट के चलते उनकी आर्थिक स्थिति डगमगा गई है। प्रदेश के अन्य जिलों में किसानों को मुआवजा दिया जा चुका है, जबकि सिवनी मालवा के किसान अभी भी राहत से वंचित हैं। इससे स्थानीय किसानों में गहरा आक्रोश है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिवनी मालवा के अध्यक्ष विजय पटेल ने कहा कि यह सरकार की नीतिगत असफलता और किसानों के प्रति भेदभाव का स्पष्ट उदाहरण है। इस अवसर पर राधेश्याम पटेल, मनमोहन अग्रवाल, गोपाल कृष्ण शर्मा, बाबू चौधरी, शंकर पटेल, जगदीश कपूर, समीर शर्मा, सुमित पटेल, बंटी वर्मा, स्वदेश शर्मा, मुकेश रघुवंशी, गुलाब तंवर, सुशील रघुवंशी, चंपा रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# नर्मदा कॉलेज में स्वस्थ नारी स्वस्थ परिवार विषय पर हुआ व्याख्यान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम





सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत एन, एस,एस इकाइयों के माध्यम से कार्यक्रम अधिकारी डॉ एस के दिवाकर , संयोजक डॉ कल्पना विश्वास एवं प्राचार्य डॉ रामकुमार चौकसे के मार्गदर्शन में स्वस्थ नारी स्वस्थ्य परिवार विषय पर व्याख्यान रखा गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला चिकित्सालय के स्वास्थ्य अधिकारी विवेक पटवा एवं उनकी टीम रही। अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ चौकसे ने कहा कि निरोगी काया में ही स्वस्थ मस्तिष्क होता है स्वस्थ नारी ही स्वस्थ समाज का निर्माण करती है ।कार्यक्रम अधिकारी विवेक पटवा जिला चिकित्सालय ने महिला संघन जागरूकता अभियान जो 12 सितंबर से 12 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है ,के विषय मे विधार्थियों को जानकारी दी। इस तरह अभियान में गर्भवती महिलाओं से संबंधित बीमारियों जैसे एनीमिया, सर्वाइकल कैंसर ,वी ,डी, आर, एल , गुप्त रोगो,मानसिक स्वास्थ्य ,पेट दर्द, सफेद पानी जैसी जटिल समस्याओं का निशुल्क जाच एवं उपचार किया जा रहा है इसकी जानकारी महिला विद्यार्थियों को दी। कार्यक्रम डॉ अमिता जोशी वरिष्ठ प्राध्यापक ने संतुलित भोजन पर जोर दिया जिससे स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण एवं संपूर्ण विकास हो सके। संयोजक डॉ कल्पना विश्वास ने भी संबोधित किया।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ माखन नगर खंड के समौन मंडल का संचलन निकाला गया

**माखन नगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा सम्पूर्ण भारत वर्ष में संचलन निकाले जा रहे हैं। माखन नगर का प्रथम संचलन समौन मंडल का ग्राम समौन के एक गार्डन से प्रारंभ होकर ग्राम के मुख्य मार्गो से निकाला गया। नर्मदा यदुवंशी जिला बौद्धिक प्रमुख का उद्बोधन प्राप्त हुआ। यदुवंशी जी ने कहा कि आज हमे हमारे देवी देवताओं के जैसे शास्त्रों के साथ साथ शस्त्रों की भी आवश्यकता है। उन्होंने संघ के पंच परिवर्तन के बारे प्रकाश डाला। कार्यक्रम में संघ के खंड प्रचारक अभय तोमर एवं माननीय खण्ड संघ संचालक प्रहलाद यदुवंशी उपस्थित थे।

# होम्योपैथी के नाम पर चल रहा था एलोपैथी क्लिनिक, नहीं था पंजीयन, स्वास्थ्य अधिकारी ने कार्रवाई कर किया सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद



नगर के साप्ताहिक बाजार स्थित एक क्लिनिक जिसे होम्योपैथी महिला डॉक्टर सीमा सोनी द्वारा संचालित किया जा रहा था चौराहेट निवासी संतोष अहिरवार ने जिला चिकित्सा अधिकारी नर्मदा पुरम को लिखित शिकायत मैं उसकी पत्नी राधाबाई का इलाज साप्ताहिक बाजार स्थित डॉ सीमा सोनी के क्लिनिक मैं कराया था जिसमें इलाज के दौरान महिला का स्वास्थ्य अधिक बिगड़ने पर संतोष अहिरवार अपनी पत्नी को इलाज के लिए बाहर ले जा रहा था उसकी पत्नी राधाबाई की मृत्यु हो गई जिसकी शिक्रायत संतोष अहिरवार द्वारा जिला चिकित्सा अधिकारी नर्मदापुरम को की गई थी शिकायत प्राप्त होने पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुनीता नागेश ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डीआर रेखा सिंह गौर , मेडिकल ऑफिसर डॉ संदीप ओड प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सेमरी हरचंद एवं जिला अस्पताल की टीम द्वारा क्लिनिक की जांच की गई डॉ सीमा सोनी जांच में अपने क्लिनिक संचालन से संबंधित दस्तावेज नहीं दिखाई सकी क्लिनिक मे मरीज़ इलाज करवाते पाए गए जिनका इलाज़ बंद करवा कर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया तथा डॉ सीमा सोनी का क्लिनिक पंचनामा बनाकर सील करने की कार्यवाही की गई।

ज्ञात हो कि सेमरी हरचंद एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में बड़ी संख्या में झोलाछाप डॉक्टर क्लिनिक खोलकर ग्रामीणों का इलाज कर रहे हैं प्रशासन द्वारा इन पर कब कार्यवाही की जाएगी यह एक ज्वलंत मुद्दा है।

**इनका कहना है...**

शिकायत के आधार पर क्लीनिक की जांच की गई जांच में डॉक्टर सीमा सोनी का पंजीयन 2023 से नवीनीकरण नहीं करवाया गया था और डॉक्टर सीमा सोनी एलोपैथी इलाज करती पाई गई जो कि अनधिकृत है क्लीनिक सील करने की कार्वाई की गई है।

**डॉ सुनीता नागेश, जिला स्वास्थ्य अधिकारी नर्मदापुरम।**

# राज्यसभा सांसद ने किया दीवाली प्रदर्शनी का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

अग्रवाल चंद्र भवन, सेठानी घाट, नर्मदापुरम में बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने फीता काट कर स्वदेशी कुटुंबकम करवा चौथ एवं दिवाली प्रदर्शनी 2025 का शुभारंभ किया। सांसद माया नारोलिया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित 'स्वदेशी अभियान' न केवल देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान कर रहा है, बल्कि हमारी प्राचीन संस्कृति एवं विरासत को भी पुनर्जीवित कर रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि इस प्रकार के आयोजन आत्मनिर्भर भारत की दिशा में अहम भूमिका निभाते हैं तथा स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहन एवं सशक्त मंच प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में आयोजन समिति की प्रमुख रानी नामदेव, किरण नामदेव, पूर्व मंडल अध्यक्ष शविकास नारोलिया सहित अन्य गणमान्य महिलाएं एवं नागरिक उपस्थित रहे।

### इटारसी में 85 एकड़ का 'लक्जरी साम्राज्य'

# एलकेजी द ग्रैंड एवेन्यू' सिर्फ एक कॉलोनी नहीं, मेट्रो सिटी का 'हाइक्लास' डेस्टिनेशन, अब इटारसी में जिएं सपनों की ज़िंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

क्या आपने कभी सोचा है कि देश की किसी मेट्रो सिटी के सबसे आलीशान और प्रीमियम एन्क्लेव वाली जीवनशैली अब आपके इटारसी शहर में उपलब्ध होगी? जवाब है: हाँ! इटारसी की धरती पर, 85 एकड़ के विशाल क्षेत्र में फैली ₹एलकेजी द ग्रैंड एवेन्यू कॉलोनी ने लक्ज़री लिविंग के मायने बदल दिए हैं। यह सिर्फ एक कॉलोनी नहीं, बल्कि 1000 से अधिक परिवारों और लगभग 4000 सदस्यों का एक संपन्न, सुरक्षित और उत्कृष्ट समुदाय है, जो हर दिन एक प्रीमियम अनुभव जीता है।

#### वह जीवनशैली, जिसके आप हकदार हैं

एलकेजी द ग्रैंड एवेन्यू को विशेष रूप से इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि यहां रहने पर हर पल आपको देश के सर्वोत्तम हाईक्लास एन्क्लेव जैसा अनुभव मिले। विशालता, सुंदरता और सुविधा का ऐसा तालमेल इटारसी में पहली बार देखने को



मिला है। एलकेजी द ग्रैंड एवेन्यू ने अपने पहले दो चरणों में रिकॉर्ड-तोड़ सफलता हासिल की है। यह इस बात का प्रमाण है कि इटारसी के समझदार निवासी अब सर्वोत्तम सुविधाओं के साथ समझौता नहीं करना चाहते। यहाँ हर प्लॉट, हर सुविधा और हर कोने में लक्जरी झलकती है। यह आपके जीवन स्तर और सामाजिक प्रतिष्ठा को एक नई ऊँचाई पर ले जाता है। चौड़ी सड़कें, निर्बाध कनेक्टिविटी, अत्याधुनिक सुरक्षा और एक नियोजित इन्फ्रास्ट्रक्चर जो आपको दिल्ली, मुंबई या बेंगलुरु की सबसे अच्छी कॉलोनियों की याद दिलाएगा। संपन्न समुदाय: 1000 सफल परिवारों के साथ रहने का मतलब है एक ऐसा सामाजिक दायरा जो सकारात्मकता और विकास से भरा हो। फेज-3 में निवेश का सुनहरा मौका। जो अब से कुछ दिनों बाद शायद आपके हाथ से निकल सकता है। अगर आपका सपना भी लक्जरी लाइफ जीने का है।

#### प्रतिष्ठित समुदाय का हिस्सा बने

इंतजार खत्म हुआ! दो सफल चरणों के बाद, डेवलपर्स ने अब फेज-3 में बुकिंग शुरू कर दी है। यह आपके लिए अंतिम अवसर हो सकता है कि आप इस प्रतिष्ठित समुदाय का हिस्सा बन सकें। यहां खरीदा हुआ प्लॉट सिर्फ प्लॉट नहीं, यह आपके और आपके बच्चों के लिए एक लक्जरी भविष्य में किया गया सर्वश्रेष्ठ निवेश है। बाज़ार के विशेषज्ञ बताते हैं कि फेज-3 के सर्वोत्तम स्थान और सबसे बड़े प्लॉट तेजी से बुक हो रहे हैं। अगर आप इटारसी में एक ऐसी प्रॉपर्टी की तलाश में हैं जो न केवल रहने के लिए स्वर्ग हो, बल्कि निवेश के तौर पर भी असाधारण रिटर्न दे, तो इससे बेहतर विकल्प कोई नहीं। आज ही निर्णय लें, क्योंकि एलकेजी द ग्रैंड एवेन्यू में जगह सीमित है और प्रीमियम अनुभव की माँग बहुत ज़्यादा है।

# पोषण माह के अंतर्गत बच्चों को सिखाया खिलौने बनाना





हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पोषण माह के अंतर्गत शहर भर की आंगनबाड़ियों में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है । बच्चों को विभिन्न गतिविधियां सिखाई जा रही हैं। इसके चलते सोमवार को वार्ड क्रमांक 24, 4 में पोषण माह के अंतर्गत फौजदार कॉलोनी रसूलिया में ईसीसी गतिविधि के माध्यम से बच्चों को कागज के खिलौने बनना सिखाया गया। प्रोग्राम में वार्ड के हितग्राही एवं बच्चे और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती अनीता जाटव एवं सहायिका उपस्थिति रहीं। कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों को विभिन्न प्रकार की खिलौने आदि सिखाए गए और इसके साथ ही अन्य गतिविधियां भी आयोजित की गई। इसके साथ ही आंगनवाड़ी में अन्य कार्यक्रमों का आयोजन भी समय-समय पर किया जाता है।

## खबर संक्षेप

### भगवान वाल्मीकि जयंती पर विशाल भंडारा आज

**बैतूल।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान वाल्मीकि जयंती के अवसर पर मंगलवार को वाल्मीकि समाज द्वारा आमला नगर की हवाई पट्टी पर भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। वाल्मीकि समाज समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष राममेहर डिगिया ने बताया कि भगवान वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में नगर के सभी श्रद्धालु वाल्मीकि मंदिर पहुंचकर दर्शन करेंगे और आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। उन्होंने बताया कि समाज के सदस्यों और श्रद्धालुओं के सहयोग से भंडारे का आयोजन प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी श्रद्धा और उत्साह के साथ किया जा रहा है। श्री डिगिया ने नगरवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में वाल्मीकि मंदिर पहुंचकर भंडारे में सहभागी बनें और भगवान वाल्मीकि के आदर्शों का अनुसरण करते हुए समाज में एकता और सद्भाव का संदेश दें।

### ओम आयुर्वेदिक कॉलेज में दिव्य औषधि का वितरण आज

**बैतूल।** भारत-भारती, जामठी स्थित ओम आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर 7 अक्टूबर मंगलवार की रात 12 बजे श्वास (दमा) रोग से पीड़ित मरीजों को निःशुल्क दिव्य औषधि दी जाएगी। दवा वितरण के लिए इच्छुक मरीजों को निःशुल्क अग्रिम पंजीकरण करवाना आवश्यक है, जो 07 अक्टूबर की शाम 6 बजे तक किया जा सकता है। आयुर्वेद चिकित्सकों के निर्देशन में मरीजों को शरद पूर्णिमा की चांदनी में विशेष खीर के साथ यह औषधि दी जाएगी। रसशास्त्र विभाग के मार्गदर्शन में तैयार की जा रही इस औषधि में हिमालय से मंगाई गई दुर्लभ और विशिष्ट जड़ी-बूटियों का प्रयोग किया गया है। कॉलेज प्रबंधन का कहना है कि यह औषधि श्वास (दमा) रोग से पीड़ित व्यक्तियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है। अतः जिलेभर के रोगियों से अपील है कि वे इस दिव्य औषधि का लाभ अवश्य लें।

### अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई अस्थाई रूप से स्थगित

**बैतूल।** आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन एवं नगरीय प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार शासकीय सडक़ों के किनारे किए गए अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही को अस्थायी रूप से स्थगित किया गया है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी सतीश मत्सानिया ने बताया कि यह निर्णय त्योहारों के दौरान नागरिकों की सुविधा और यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। उन्होंने कहा कि सभी दुकानदार अपनी दुकानों की सीमा में ही व्यवसाय करें।

---

कटाई के लिए फसल सूखने का इंतजार, खेतों में कीचड़ के कारण नहीं चल रहे हार्वेस्टर

# बारिश ने बढ़ाई किसानों की चिंता फसलों को नुकसान की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले में बारिश का अब थमना जरूरी है। ऐसा नहीं हुआ तो सोयाबीन और मक्का फसल को नुकसान होने का खतरा बढ़ जाएगा, क्योंकि ये फसलें लगभग तैयार होने की स्थिति में हैं। जिले के कई क्षेत्रों में तो दशहरा के बाद सोयाबीन की कटाई भी शुरू हो जाती है। मौसम विभाग की मानें तो अभी बारिश होने की संभावना बनी हुई है। वैसे जिले में जून-जुलाई में कमजोर बारिश हुई, वहीं सितंबर में अच्छी बारिश होते रही। अब अक्टूबर लगने के बाद किसान बारिश थमने की राह देख रहे है, ताकि कटाई और फसलों को सूखने का समय मिल सके। लेकिन बारिश हो रही है। जिससे यह बारिश फसलों के लिए नुकसानी का सबब बन सकती है। किसानों ने बताया कि सितंबर के आखिर में सोयाबीन और मक्का फसल पूरी तरह तैयार हो जाती है। सोयाबीन फसल में फल्ली आ जाती है। लेकिन बारिश से खेतों में नमी और पानी भरने के कारण फसलों को नुकसान होने की आशंका बनी हुई है। किसानों का कहना है कि खेतों में ज्यादा समय नमी रहने के कारण पौधों के सडऩे का भी खतरा है। मौसम साफ होने के साथ तेज धूप नहीं निकलती है, तो फसलें समय पर सूखेगी नहीं और किसानों को नुकसान उठाना पड़ेगा।



### जिले में 1007 मिमी बारिश, औसत से 3 इंच कम

वैसे तो 30 सितंबर तक बारिश का मौसम रहता है, लेकिन इस बार अक्टूबर में भी पानी बरस रहा है। जिले में अब तक 1007 मिमी बारिश हो चुकी है, जो कि औसत से 3 इंच कम है। पिछले 24 घंटे में यानि 5 अक्टूबर से 6 अक्टूबर सुबह 8 बजे तक जिले में 8.2 मिमी बारिश दर्ज की गई है। जबकि अभी तक जिले में 1007.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है, जो गत वर्ष तुलना में कम है। पिछले वर्ष इस अवधि तक 1011.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिले के बैतूल ब्लाक में अब तक 807.2 मिमी बारिश हुई है, जबकि घोड़ाडोंगरी में ब्लाक में 1219.0, चिचोली 1091.6, शाहपुर 1008.6, मुलताई 990.3, प्रभातपट्टन 932.5, आमला 821.0, भैंसदेही 975.2, आठनेर 749.2, भीमपुर 1478.0 मिमी अब तक इस सीजन में बारिश हुई है।

### पानी न होने दें जमा

बारिश से कच्ची फसलों को फायदा मिलेगा और फल्ली भरने का समय भी मिलेगा। जहां फसल पक गई है और कटाई पर आ गई है, वहां यदि फसल आड़ी होती है या पानी थमता है तो नुकसान की संभावना रहती है, लेकिन ऐसी स्थिति जिले में कहीं भी नहीं है। जिले में बारिश हो रही है और धूप खिल रही है। ऐसी स्थिति में किसानों को चाहिए कि वह खेतों में पानी जमा न होने दे।

**- आनंद बडोनिया, उप संचालक, कृषि विभाग, बैतूल**

### बारिश थमना जरूरी नहीं तो सोयाबीन को नुकसान

वैसे ही अतिवर्षा और पीला मोजेक के कारण सोयाबीन की फसले प्रभावित हुई है, वहीं अब बारिश से खेतों में पानी भर रहा है। इससे सोयाबीन फसल को नुकसान हो रहा है। मौसम विभाग की मानें तो अगले दो से तीन दिन हल्की बारिश होगी। बारिश का दौर अक्टूबर के पहले पखवाड़े तक जारी रहने की संभावना है। अच्छी बारिश होने से औसत का कोटा पूरा होने के साथ अधूरे भरे तालाब और डैम भी भरने की उम्मीद है, लेकिन दूसरी तरफ सोयाबीन, मक्का फसल को नुकसान की भी आशंका बनी हुई है। अब बारिश थमना जरूरी है, ताकि सोयाबीन और खरीफ फसल को सूखने का समय मिले। लगातार बारिश और खेतों में पानी जमा होने से फसलें खराब होंगी। तेज बारिश से फसल भीग जाएगी और क्वालिटी पर असर होगा।

---

सरकारी कॉलेजों में सीटें बढ़ाने की मांग

# नर्सिंग छात्राओं ने बैतूल में किया प्रदर्शन




**बैतूल।** बैतूल में सोमवार को नर्सिंग छात्राओं ने प्रदर्शन किया। छात्राओं ने रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर के माध्यम से शासन को ज्ञापन सौंपा। उनकी मुख्य मांग सरकारी नर्सिंग कॉलेजों को काउंसलिंग में शामिल करने और सीटों की संख्या बढ़ाने की थी। छात्राओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश में नर्सिंग शिक्षा में असमानता है। उनका कहना था कि कई सरकारी कॉलेज होने के बावजूद उन्हें काउंसलिंग प्रक्रिया से बाहर रखा गया है, जिससे छात्राएं सरकारी कॉलेजों में पढ़ाई के अवसर से वंचित हो रही हैं। ज्ञापन में बताया गया कि प्रदेश में नर्सिंग छात्राओं के लिए लगभग 25 सरकारी कॉलेज निर्धारित हैं, लेकिन वर्तमान में केवल 8 कॉलेजों को ही काउंसलिंग में शामिल किया गया है। कई मान्यता प्राप्त सरकारी कॉलेजों को भी इस प्रक्रिया से बाहर रखा गया है। छात्राओं ने मांग की कि चिकित्सा शिक्षा निदेशालय और स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के सभी 25 सरकारी कॉलेजों को काउंसलिंग में शामिल किया जाए। उन्होंने यह भी बताया कि अन्य राज्यों में लगभग 8000 सरकारी नर्सिंग सीटें हैं, जबकि मध्य प्रदेश में पहले 1860 सीटें थीं, जो अब घटकर केवल 860 रह गई हैं। छात्राओं ने सवाल उठाया कि यदि निजी कॉलेजों को बीएससी नर्सिंग कोर्स की मान्यता दी जा सकती है, तो सरकारी कॉलेजों को क्यों नहीं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में 16 सरकारी कॉलेज मान्य थे, जिनकी संख्या अब अचानक घटाकर 8 कर दी गई है। छात्राओं ने कहा कि सरकार चाहे तो एक दिन में सभी कॉलेजों को काउंसलिंग में शामिल कर सकती है। उन्होंने भावनात्मक अपील करते हुए कहा कि अच्छे अंक प्राप्त करने के बावजूद सरकारी कॉलेज न मिलना छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। छात्राओं ने चेतावनी दी कि जब तक सभी सरकारी नर्सिंग कॉलेजों को काउंसलिंग में शामिल नहीं किया जाएगा, तब तक कई योग्य छात्राएं सरकारी कॉलेजों में पढ़ाई के अवसर से वंचित रहेंगी। उन्होंने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के नारे को सार्थक करने के लिए सरकारी कॉलेजों में छात्राओं को अवसर देने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में नर्सिंग छात्राएं उपस्थित थीं।

---

मद्य निषेध सप्ताह का किया आयोजन

# प्रतियोगिता आयोजित कर बताए नशे के दुष्परिणाम




**बैतूल।** नशा मुक्ति अभियान के तहत जेएच कॉलेज बैतूल में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्रश्न मंच प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ.मीनाक्षी चौबे के संरक्षण में, जिला संगठक डॉ.जीपी साहू और रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी प्रो.शंकर सातनकर के मार्गदर्शन में किया गया। इस मौके पर प्रो.शंकर सातनकर ने बताया कि मद्य निषेध सप्ताह के तहत महाविद्यालय में प्रतिदिन जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। आज प्रतियोगिता में चित्रकला में खुशल मालवीय, नंदिनी, प्रेरणा, भुवनेश्वरी, कल्पना, रोहित परते आराधना, भावना पवार, दीक्षा पवार, रंगोली में प्रतियोगिता में अमृता, रोशनी, चांदनी एवं खुशबू मालवीय प्रश्न मंच में अमित घिड़ोड़े, निशु पवार, रोशनी, करीना ने सहभागिता की। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं और उनके परिवारों, समुदाय के सदस्यों को नशे से होने वाली बीमारियों और दुष्परिणामों से अवगत कराना है। जिला संगठक डॉ.जीपी साहू ने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखना ही हमारी पहली प्राथमिकता है। कार्यक्रम में युवाओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

---

# पुलिस ने अवैध शराब व गौ मांस तस्कर पर की कार्रवाई



**बैतूल।** आठनेर पुलिस ने अवैध शराब एवं गौ-मांस तस्करी में संलिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति महाराष्ट्र सीमा से एक सफेद रंग की स्कूटी से गौ-मांस एवं हाथ भट्टी की कच्ची महुआ शराब बेचने के लिए ला रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने घोघरा जोड़ पुलिया के पास नाकाबंदी की और एक सफेद स्कूटी (क्रमांक एमपी 48 जेडजी 6107) आती दिखाई दी, जिसे रोककर तलाशी ली गई। जांच में स्कूटी के आगे रखी प्लास्टिक की बोरी से तीन मोटरसायकल ट्यूबों में भरी हुई 60 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची महुआ शराब (कीमत लगभग 6,000) मिली। स्कूटी की डिक्की की तलाशी लेने पर तीन पन्नियों में कुल 6 किलो गौ-मांस बरामद हुआ। आरोपी से पूछताछ में उसने मांस को गौ-मांस होना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी से कुल 1,06,000 मूल्य का माल जब्त किया। आरोपी यूनूस उर्फ इरफान खान पिता तैय्यद खान (38) निवासी आर्य वार्ड, टिकारी, बैतूल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल बैतूल भेजा गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र सिंह परिहार के नेतृत्व में सउनि दिनेश धुर्वे, सउनि संतोष चौधरी, प्र.आर. पंकज बटके, आर. मनीष पटेल, आर. बीरबल मीणा, आर. प्रवीण, आर. दिनेश, आर. भीमचंचल एवं आर. गिरीराज धाकड़ की सराहनीय भूमिका रही।

---

मंच पर अभिनय, पर्दे के पीछे सेवा

श्रीराम के राजतिलक के साथ रामलीला का समापन

# स्थानीय हाथों की मेहनत से सजी 80 साल पुरानी परंपरा



**भौंरा।** रामलीला केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भौंरा की सांस्कृतिक आत्मा का प्रतीक बन चुकी है। 80 वर्षों से लगातार आयोजित हो रही यह रामलीला इस वर्ष भी अपने स्थानीय रंग, लोकसंस्कृति और लोगों की सहभागिता के लिए चर्चाओं में रही। रामलीला में मेकअप की जिम्मेदारी गप्पू पवार ने निभाई, जिन्होंने साधारण चेहरों को भगवान श्रीराम, रावण, लक्ष्मण और सीता जैसे दिव्य किरदारों में बदल दिया। वेशभूषा, सज्जा और मंच व्यवस्था का प्रबंधन कौशिक अग्रवाल और अशोक राठौर ने किया। हर पात्र का रूप और मंच का माहौल उनके कौशल से सजीव हो उठा। मंडल के प्रमुख आनंद दुबे पर रिहर्सल, संवाद-प्रशिक्षण और कलाकारों की कास्टिंग की अहम जिम्मेदारी रही। वे लगभग एक माह पहले से अभ्यास शुरू करवा देते हैं। मंचन के दौरान यदि कोई कलाकार संवाद भूल भी जाए तो पर्दे के पीछे से आनंद दुबे की आवाज़ उसकी मदद करती है, जिससे दर्शकों को कभी व्यवधान महसूस नहीं होता। रामलीला के वरिष्ठ मार्गदर्शक अशोक सिरोठिया व्यास गद्दी पर बैठकर हारमोनियम की धुन और भावपूर्ण संवादों के माध्यम से मंच को जीवंत कर देते हैं। उनके साथ खडग़राम नामदेव सहयोगी के रूप में निरंतर मंच संचालन में साथ देते हैं। उनके स्वर और लय से मंच पर ऐसा वातावरण बनता है कि दर्शक भाव-विभोर हो उठते हैं।

### श्रीराम का राजतिलक, लीला का हुआ समापन

रामलीला का समापन भगवान श्रीराम के राजतिलक के साथ किया गया। इस अवसर पर मंच पर भव्य समारोह आयोजित हुआ, जिसमें बच्चों और बड़ों ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। गीत, नृत्य और भावनात्मक मंचन ने माहौल को भक्ति और उल्लास से भर दिया। रथ पर सवार होकर श्रीराम, सीता और लक्ष्मण का मंच पर आगमन होते ही जय श्रीराम के नारों से पूरा मैदान गूंज उठा। रामलीला मंडल की सबसे बड़ी ताकत यही है कि यहाँ मंच पर और मंच के पीछे हर काम स्थानीय लोग ही करते हैं। यही कारण है कि यह आयोजन 1943 से निरंतर अपने मूल स्वरूप में जारी है। इस सामूहिक भावना और सामाजिक एकता ने भौंरा की रामलीला को न सिर्फ धार्मिक, बल्कि सांस्कृतिक पहचान बना दिया है।

---

# आंगनबाड़ी केन्द्र में मनाया राष्ट्रीय पोषण माह



**बैतूल।** बैतूल शहरी आंगनवाड़ी केन्द्र में सामुहिक रूप से राष्ट्रीय पोषण माह आयोजित किया गया। जिसमें उपस्थित सभी गर्भवती महिला, धात्री महिला एवं 6 माह से 3 वर्ष के बच्चों एवं अभिभावकों को जीवन के प्रथम 1000 दिवस और मस्तिष्क का विकास पर ध्यान देने की समझाईश दी गई। मोटापा से होने वाले नुकसान से बचाव के लिए प्रतिदिन खाद्य पदार्थ में नमक, शक्कर एवं तेल का कम उपयोग करने के बारे में समझाया गया। साथ ही स्थानीय स्तर पर उपलब्ध खाद्य सामग्री से बने स्वयं निर्मित व्यंजनों की प्रदर्शनी भी आयोजित की गई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका की सक्रिय भागीदारी रही।

---

कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में दिए निर्देश

# विभागीय योजनाओं में प्रगति लाएं, सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण कराएं



**बैतूल।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित समय सीमा की बैठक में विभागीय योजनाओं और प्रगति की विस्तार से समीक्षा कर इन योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य की तुलना में शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन, संयुक्त कलेक्टर मकसूद अहमद सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहें। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने लंबित राजस्व प्रकरणों की समीक्षा कर समय सीमा में प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व वसूली में भी गति लाने के लिए सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया। ई ऑफिस प्रणाली की समीक्षा कर सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि फाइलों के ई मूवमेंट की प्रगति बनाए रखें। उन्होंने जनपद स्तर पर फ़ाइलों के मूवमेंट की जानकारी भी लीं। उन्होंने ई ऑफिस प्रणाली में संतोषजनक प्रगति नहीं लाने पर बैतूल, चिचोली, शाहपुर, आमला, और भैंसदेही के जनपद सीईओ के वेतन आहरण पर रोक लगाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने शिक्षा विभाग और राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा संचालित योजनाओं की भी विस्तार से समीक्षा कर जिला शिक्षा अधिकारी और जिला परियोजना समन्वयक को योजनाओं में प्रगति लाने की सख्त हिदायत दी।


---

आरोपियों पर कार्रवाई नहीं होने पर दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

जिला राठौर क्षत्रिय समाज के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में एसपी को सौंपा ज्ञापन

# शाहपुर की घटना के विरोध में राठौर समाज ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



शाहपुर थाना क्षेत्र में गरबा कार्यक्रम के दौरान हुई छेड़छाड़ की घटना के बाद हमले में गंभीर घायल हुए नगर परिषद शाहपुर की उपाध्यक्ष पम्मी राठौर के पति दिनेश राठौर के समर्थन में जिला राठौर क्षत्रिय समाज पूरी तरह एकजुट हो गया है। 4 अक्टूबर की रात पतोवापुरा में गरबा देखने गई पम्मी राठौर और उनकी नाबालिग पुत्री के साथ आरोपी द्वारा छेड़छाड़ की गई, हाथ पकडक़र अश्लील हरकतें की गईं। विरोध करने पर आरोपी वहां से भाग गया। घटना की जानकारी मिलते ही पीड़ित ने परिजनों को बताया, जिसके बाद दिनेश राठौर, दीपांशु राठौर और अंशुमन राठौर आरोपी के घर समझाइश देने पहुंचे। इसी दौरान गुप्ता परिवार ने उल्टा विवाद कर चाकू, लाठी और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। इस हमले में दिनेश राठौर को गंभीर चोटें आईं और उन्हें पाढर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमले में अन्य परिजन भी घायल हुए हैं। घटना के बाद जब पीड़ित पक्ष ने शाहपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई, तो जानकारी लगते ही गुप्ता परिवार ने अपने बचाव में झूठी कहानी गढक़र थाने पहुंचकर फर्जी प्रकरण दर्ज करा दिया। इस पूरे मामले में राठौर समाज ने कड़ा आक्रोश जताया है और दोषियों के विरुद्ध तुरंत कार्रवाई की मांग की है। जिला राठौर क्षत्रिय समाज के जिला अध्यक्ष सुभाष राठौर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने बैतूल एसपी को ज्ञापन सौंपा और छेड़छाड़ की घटना की निष्पक्ष जांच की मांग की। साथ ही समाज ने यह भी स्पष्ट किया कि गुप्ता परिवार द्वारा दर्ज कराया गया झूठा मामला तुरंत निरस्त किया जाए और हमला करने वालों को गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाए। समाज ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते न्याय नहीं मिला, तो जिलेभर में उग्र आंदोलन शुरू किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में पम्मी राठौर, सुभाष राठौर, गंगा प्रसाद राठौर, शिवकिशोर राठौर, लवलेश राठौर, रेखा राठौर, विकास राठौर और नवीन राठौर प्रमुख रूप से शामिल रहे। राठौर समाज ने मांग की है कि नाबालिग बच्ची के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी आहान गुप्ता, संदीप गुप्ता और उनके अन्य परिजनों पर सख्त कानूनी कार्रवाई हो। साथ ही झूठा केस वापस लेकर समाज को न्याय दिलाया जाए।

---

हर परिवार से एक स्वयंसेवक जुड़ने का लक्ष्य

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर भौंरा में आज पथ संचलन



**भौंरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस के स्थापना शताब्दी वर्ष के अवसर पर नगर में आज 7 अक्टूबर मंगलवार को भव्य पथ संचलन आयोजित किया जाएगा। संचलन का शुभारंभ विजय मंगल भवन से होगा। यह शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों रामलीला चौक, आजाद वार्ड, मेन रोड, माता मोहल्ला, काली वार्ड मार्ग, बस स्टैंड सीमेंट रोड होते हुए पुनः विजय मंगल भवन पर संपन्न होगी। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर संघ के स्वयंसेवक बीते पंद्रह दिनों से नगर में सक्रिय हैं। घर-घर जाकर संपर्क अभियान चलाया जा रहा है, ताकि हर परिवार से कम से कम एक सदस्य पथ संचलन का हिस्सा बन सके। संचलन के लिए स्वयंसेवकों को गणवेश का वितरण किया जा रहा है, जो अंतिम चरण में है। पथ संचलन के दौरान नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थानीय नागरिकों, सामाजिक संगठनों और व्यापारी वर्ग द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया जाएगा। पूरे मार्ग को विशेष रूप से सजाया जा रहा है ताकि आयोजन गरिमामय एवं अनुशासित ढंग से संपन्न हो सके। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि शताब्दी वर्ष के अंतर्गत यह संचलन संगठन की सेवा, संस्कार और राष्ट्रभावना के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है। नगरवासियों से अपील की गई है कि वे निर्धारित समय पर संचलन मार्ग पर उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा बनें।

**खबर संक्षेप**

## खांसी के सिरप के संबंध में खाद्य व औषधि विभाग ने जारी किए निर्देश



**देवास।** उपसंचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन जिला देवास ने बताया कि खाद्य एवं औषधि प्रशासन जिला देवास की ओर से समस्त औषधि विक्रेताओं को एडवाइजरी जारी की गई है। जिसमें खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जिले के सभी औषधि विक्रेताओं को सतर्कता के निर्देश जारी कर कहा गया है कि जिले के सभी औषधि विक्रेता यह सुनिश्चित करें कि वे केवल पंजीकृत चिकित्सक द्वारा निर्धारित की गई औषधि और सिरप ही नागरिकों को प्रदान करें। बिना चिकित्सकीय परामर्श के किसी भी प्रकार की औषधि या सिरप की बिक्री नहीं की जाए। उपसंचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक ने अपील की है कि नागरिक भी सावधानी बरतें और किसी भी दवा या सिरप का उपयोग डॉक्टर की सलाह के बिना न करें। उपसंचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने बताया कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा क्लोरफेनिमाइन मेलिएट आईपी एवं फिनाइलेफ्राइन हाइड्रोक्लोराइड के समस्त उत्पाद के सभी निर्माताओं को दवा के लेवल और पैकेज इंसर्ट/प्रमोशन लिटरेचर पर चेतावनी एफडीसी का उपयोग 4 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में नहीं किया जाना चाहिए का उल्लेख करना अनिवार्य है। उक्त के संबंध में निर्देशित किया जाता है कि उल्लेखित औषधियों के एफडीसी का विक्रय रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिशनर्स के पर्चे के बिना ना किया जाए। उल्लेखित औषधियों के एफडीसी का विक्रय 4 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए न किया जाए, यदि ये एफडीसी रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिशनर के पर्चे पर 4 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए अंकित की गई है तो मरीज को इन दवाओं को देने से पहले रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिशनर से पुनः परामर्श करने का सुझाव देवें। यह सुनिश्चित करें कि उल्लेखित एफडीसी के पैकेज इंसर्ट/ प्रमोशन लिटरेचर पर चेतावनी एफडीसी का उपयोग 4 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में नहीं किया जाएगा।

### उप जेल बागली में उपचार के दौरान एक कैदी की हुई मौत, पुलिस जांच में जुटी

# परिजनों में आक्रोशः थाना के सामने शव रखकर दो घंटे तक किया चक्का जाम

### परिजनों ने जेल अधिकारियों और स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों पर लगाए लापरवाही के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



उप जेल बागली में विचाराधीन कैदी की मौत हो गई। जानकारी अनुसार रविवार को 4 बजे कैदी के सीने में दर्द होने लगा, तभी उसे शासकीय अस्पताल बागली लाया गया, जहां उपचार करने के बाद वापस उसे जेल पहुंचाया गया।

शाम 7 बजे पुनः कैदी की तबियत बिगड़ने पर बागली अस्पताल लेकर आए जहां चिकित्सक ने कैदी को मृत घोषित कर दिया। जानकारी अनुसार मृतक कैदी रामप्रसाद पिता कैलाश निवासी हाटपिपल्या उम्र 30 वर्ष है। मृतक वन अपराध में बीते 4-5 माह से उप जेल बागली में बंद था। मामले में मृतक के परिजनों का कहना है कि उप जेल विभाग व्दारा परिवार के लोगों को समय पर सूचना नहीं दी गई। जेल विभाग व्दारा लापरवाही बरती गई। सोमवार को मृतक के शव का तहसीलदार नीरज प्रजापत, थाना प्रभारी प्रदीप राय व चिकित्सकों की पैनल की उपस्थिति में पीएम किया गया।

### दोनों ही विभाग जिम्मेदार

मृतक के परिजन मुकेश भीलवाड़ा, रमेश भीलवाड़ा,संजय भीलवाड़ा, अनिल बोरानी ने जिम्मेदार जेल विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग पर आरोप लगाते हुए बताया कि समय रहते जेल के अधिकारियों द्वारा परिजनों को जानकारी नहीं दी गई। अस्पताल में जब मृतक को उपचार के लिए लाया गया, तब उचित उपचार करने के बजाय प्राथमिक उपचार कर रवाना कर दिया गया, जिसमें दोनों की लापरवाही है। परिजनों का कहना है कि अस्पताल में बिना जांच कर इंजेक्शन भी लगाया गया था, जिसके कारण रामप्रसाद की मौत हुई है।नाराज परिजनों ने हाटपिपलिया में पुलिस थाना के सामने नेवरी चापडा मार्ग पर शव रखकर चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन किया।

### परिवार के लोगों को नहीं दी जानकारी

परिवार की महिलाओं का कहना है कि मृतक के दो बच्चे हैं और आर्थिक स्थिति खराब है, यदि उसका स्वास्थ्य खराब था तो जेल विभाग के अधिकारियों को परिवार के लोगों को बताना था। हम उसका बड़े अस्पताल में उपचार करते तो शायद राम प्रसाद की जान बच सकती थी, लेकिन जेल विभाग के अधिकारियों ने परिवार को समय रहते सूचना नहीं दी एवं स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों ने भी ठीक से जांच नहीं की। मृतक राम प्रसाद ड्राइवरी करता था और इस दौरान वन विभाग के मामले में 7 मई को उसे जेल भेजा गया था। हाटपिपल्या में मृतक के परिजनों ने मृतक की पत्नी व बच्चों के लिए आर्थिक सहायता व उत्तरीय जांच की मांग को लेकर ज्ञापन दिया। एसडीओपी सृष्टि भार्गव, हाटपीपल्या तहसीलदार सोनम भगत के आश्वासन के बाद चक्का जाम ख़त्म किया गया। लगभग दो घंटे तक परिजनों ने सड़क पर चक्का जाम किया। जिसके कारण आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।



### पीएम के बाद होगी स्थिति स्पष्ट

मामले में बागली तहसीलदार नीरज प्रजापत ने बताया कि पैनल की उपस्थिति में पीएम किया गया है। मामले की जांच कर रहे हैं,पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। वही बीएमओ डॉ. हेमंत पटेल ने बताया कि प्रथम दृष्टि से हृदय गति रूकने से मौत होना बताया जा रहा है। पीएम रिपोर्ट के बाद ही कारण स्पष्ट होगा। वही बागली उपजेल प्रभारी शर्मा ने बताया कि तबीयत खराब होने की जानकारी लगते ही कैदी को शासकीय अस्पताल लाया गया था। जहां पर प्राथमिक उपचार किया गया। सीने में दर्द होना कैदी बता रहा था। पूरे मामले से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया है।

**इनका कहना है**

मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी, इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। परिवार जनों को आश्वासन दिया गया है पूरे मामले में वरिष्ठ अधकारियों के मार्गदर्शन में निष्पक्ष जांच होगी।

**प्रदीप राय,** थाना प्रभारी बागली

# बागली संकुल के सरकारी स्कूल में शिक्षक ने की अश्लीलता की हद पार

### शिक्षक को किया निलंबित




हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

अनुविभाग के अंतर्गत आने वाले उदयनगर क्षेत्र में एक शर्मशार करने वाला विडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक शिक्षक आपत्ति जनक स्थिति में एक महिला के साथ रंगरेलियां मनाते हुए दिखाई दे रहा है। शिक्षक विक्रम कदम स्कूल टाइम में ही क्लासरूम के अंदर महिला के साथ आपत्तिजनक हालत में पाया गया। चुपके से कुछ स्कूली बच्चों ने इसका वीडियो बना लिया। वीडियो सामने आने के बाद शिक्षा विभाग ने जांच के आदेश दिए हैं। वहीं, आरोपी शिक्षक ने वीडियो को फेक बताया है। मामला ग्राम पंचायत बिसाली के शासकीय प्राथमिक विद्यालय, झिरी मोहल्ला का है। ग्रामीणों का आरोप है कि शिक्षक विक्रम कदम कई सालों से यहीं पदस्थ है। वह लंबे समय से ऐसी हरकतें कर रहा है। बच्चों के सामने भी कई बार महिला के गले में हाथ डालकर बैठा रहता था। रविवार को सामने आया वीडियो दो दिन पुराना बताया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि दो दिन पहले भी गांव के पटेल और उपसरपंच ने सबके सामने उसे समझाया था, लेकिन वह नहीं माना। पहले संकुल (स्कूल समूह) में भी इस बारे में शिकायत की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने से शिक्षक के हौसले बुलंद थे। आरोपी शिक्षक विक्रम कदम ने सभी आरोपों को खारिज किया। उसका कहना है- मेरा फेक वीडियो बनाया गया है। जिसकी कार्रवाई की मांग को लेकर थाने में आवेदन देना आया हूं। मामले में जिला शिक्षा अधिकारी हरि सिंह भारतीय ने कार्रवाई करते हुए वीडियो में दिख रहे शिक्षक विक्रम कदम को निलम्बित कर दिया है।

### युवक ने फांसी लगाई, हुई मौत

**देवास।** परमानंद कॉलोनी में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पड़ोसियों ने उसे फंदे से उतारकर तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान परमानंद कॉलोनी निवासी अमन पिता आरिफ पठान के रूप में हुई है। पड़ोसियों के अनुसार, अमन विवाहित था और पीओपी का काम करता था। जिस समय यह घटना हुई, उस दौरान घर में कोई अन्य सदस्य मौजूद नहीं था। युवक ने यह कदम किन कारणों से उठाया, यह अभी अज्ञात है।

### युवक की सड़क हादसे में मौत, पुलिस जांच में जुटी




**देवास।** सोमवार सुबह एक सडक़ हादसे में 22 वर्षीय युवक कृष्णपाल राजपूत की मौत हो गई। रोजड़ी नेवरी निवासी कृष्णपाल अपनी बाइक से सब्जी मंडी जा रहे थे, तभी रोजड़ी गोशाला के पास एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। जानकारी के अनुसार, कृष्णपाल सुबह करीब 6.30 बजे देवास सब्जी मंडी में धनिया बेचने जा रहे थे। टक्कर लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें तत्काल देवास जिला चिकित्सालय ले जाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने कृष्णपाल को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और अज्ञात वाहन चालक की तलाश तथा हादसे के कारणों की जांच में जुट गई है। मृतक कृष्णपाल खेती किसानी का कार्य करते थे और अविवाहित थे। उनके परिवार में माता-पिता और एक बड़ा भाई है।

# वोट चोरी को लेकर शहर कांग्रेस ने जन जागृति अभियान के तहत शुरू किया हस्ताक्षर अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

वोट चोरी को लेकर पिछले दिनों राहुल गांधी ने प्रमाण सहित यह बताया था कि किस तरह से वोट की चोरी की जा रही है एवं लोग जो सरकार चूनना चाहते हैं वह नहीं चुनकर जन भावनाओं के विपरीत परिणाम की सरकार बन रही है। सोमवार को शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम के नेतृत्व में एवं वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद दीपेश कानूनगो के मार्गदर्शन में उज्जैन रोड स्थित बीमा अस्पताल चौराहे पर वोट चोरी जन जागृति अभियान के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसे संबोधित करते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम सहित वरिष्ठ नेताओं ने कहा आज केंद्र की नरेंद्र मोदी की सरकार के द्वारा बड़े पैमाने पर वोटर लिस्ट में धांधली कर फर्जी वोटरों के माध्यम से मतदान कराया जा रहा है, जिसके प्रमाण कांग्रेस द्वारा सार्वजनिक रूप से दिए गए हैं।

बावजूद आज तक कोई सकारात्मक कार्रवाई इसको लेकर नहीं की गई यह जनता के साथ अन्याय है, उनके अधिकारों की चोरी है। इस हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से हम आप लोगों के बीच आए हैं आपसे अनुरोध है कि हमारे इस अभियान में आप सहयोग करें और एक हस्ताक्षर अवश्य करें। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस प्रवक्ता सुधीर शर्मा ने किया।

हस्ताक्षर कार्यक्रम के अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता भगवान सिंह चावड़ा, नजर शेख, गुरु चरण सलूजा, रोशन रायकवार, विक्रम मुकाती, विक्रम पटेल, आबिद खान, कल्याण पवार राहुल पवार सुजीत सांगते, साधना प्रजापति, दिलीप परमार, चंद्रपाल सिंह सोलंकी, दिग्विजय सिंह झाला, राजेश राठौर, अनिल गोस्वामी, जितेंद्र सिंह गौड़, राजू दरबार आरती परमार, डॉ मंसूर शेख, नरेंद्र यादव, श्याम पटेल, निलेश वर्मा, एजाज शेख, जितेंद्र सिंह मोंटू, शंकर राज चंदानी, अविनाश जेठवा, मनोज हेतावल, मनोज सांगते, शाहजी हाशमी, विपिन प्रजापति, रूपेश कल्याणे, मदन लाल जेठवा, वीरेंद्र परदेसी, आरिफ मेव, डॉक्टर लियाकत, मोनू चौहान, वीरेंद्र सिंह परदेसी, शकील लक्की, महेश राजपूत, कालू सिंह, विशाल यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# जिला अभिभाषक संघ सहसचिव ठाकुर ने दिया इस्तीफा, कार्यकारिणी पर लगाए गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिला अभिभाषक संघ देवास में आंतरिक असंतोष एक बार फिर खुलकर सामने आया है। संघ की कार्यकारिणी के सहसचिव जितेंद्र सिंह ठाकुर ने अपने पद से त्यागपत्र सौंप दिया है। उन्होंने वर्तमान कार्यकारिणी पर अधिवक्ताओं के हितों की उपेक्षा करने, मनमानी करने और संघ के संसाधनों के दुरुपयोग के गंभीर आरोप लगाए हैं। सहसचिव ठाकुर ने अपने त्यागपत्र में उल्लेख किया है कि 07 मार्च 2024 को हुए निर्वाचन में दो वर्ष की अवधि के लिए उनका निर्वाचन हुआ था, और 12 मार्च को उन्होंने पदभार ग्रहण किया था। परंतु, उनके अनुसार कार्यकारिणी ने अधिवक्ताओं के हितों के विपरीत कार्य करते हुए वरिष्ठ और कनिष्ठ अधिवक्ताओं की समस्याओं की अनदेखी की, यहां तक कि न्यायाधीशों और न्यायालय स्टाफ द्वारा अधिवक्ताओं के साथ हो रहे दुर्व्यवहार और हमलों पर भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। त्यागपत्र में आगे कहा गया है कि कार्यकारिणी अधिवक्ताओं की मेहनत की बचत राशि न्यायाधीशों पर खर्च कर रही है, जबकि अधिवक्ताओं के लिए कोई ठोस पहल नहीं की गई। साथ ही, सहसचिव ने आरोप लगाया कि चेंबर बिल्डिंग का शिलान्यास एवं नामकरण कार्यकारिणी द्वारा बिना साधारण सभा बुलाए किया जा रहा है, जो संघ के संविधान के विपरीत है। उन्होंने यह भी कहा कि उनके द्वारा कई बार मौखिक एवं लिखित रूप से साधारण सभा बुलाने का आग्रह किया गया, लेकिन अध्यक्ष ने कोई कार्रवाई नहीं की। यहां तक कि कार्यकारिणी की बैठकों का आयोजन भी अध्यक्ष के निजी घर पर किया जा रहा है, जबकि संघ का अपना कार्यालय मौजूद है। सहसचिव ने कहा कि वे "दुषित कार्यशैली और अधिवक्ता हितों की उपेक्षा" से आहत हैं और ऐसी कार्यकारिणी का हिस्सा बने रहना उनके लिए संभव नहीं है। कार्यकारिणी द्वारा अधिवक्ता हितों के विपरीत कार्यों के लिए में हमेशा लड़ाई लड़ता रहूंगा। मेरे लिए अधिवक्ता हित सर्वोपरि है। उन्होंने सभी अधिवक्ताओं से क्षमा मांगते हुए कहा कि वे संघ के सदस्यों द्वारा उन पर जताए गए विश्वास पर खरा नहीं उतर सके, जिसके लिए उन्हें आजीवन खेद रहेगा।

### पल्स पोलियो अभियान के संबंध में जिला कार्यबल की बैठक आयोजित

# 12 से 14 अक्टूबर तक चलाया जाएगा पल्स पोलियो अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले में पल्स पोलियो अभियान का सफल क्रियान्वयन के लिए अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी की अध्यक्षता में जिला कार्यबल की बैठक आयोजित कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में अपर कलेक्टर सोलंकी ने स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, आयुष विभाग, नगरीय निकाय, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को निर्देशित किया कि जिले में पल्स पोलियो अभियान के दौरान 5 वर्ष तक का कोई भी बच्चा पोलियो की दवा पीने से वंचित न रहें।

अभियान का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें। नगरीय और ग्रामीण क्षेत्र में कचरा गाड़ियों से माइकिंग करवाए, बैनर पोस्टर लगवाए, और सकारात्मक वातावरण के साथ जनप्रतिनिधियों से सहयोग समन्वय कर शतप्रतिशत बच्चों को पोलियो की दवा पिलवाए। 12 अक्टूबर 2025 को रविवार अवकाश दिवस है। सभी शासकीय सेवक मुख्यालय पर रहे। समस्त शासकीय एवं समाजसेवी संस्थाएं नैतिक व सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में सहभागिता कर सहयोग सुनिश्चित करेंगे। सोलंकी ने अभियान की मॉनिटरिंग करने, कन्ट्रोल रूम के माध्यम से रिपोर्ट और फीडबैक लेने के निर्देश दिए। सभी जिला स्तर प्रशासनिक अधिकारी, विभाग प्रमुख और ब्लॉक स्तर पर एसडीएम, सीईओ जनपद पंचायत, बीएमओ के समन्वित प्रयासों सभी बच्चों को पोलियो की दवाई पिलवाई जाए।

पोलियो बूथ पर साज-सज्जा की जाए। अभियान का शुभारम्भ जनप्रतिनिधियों के माध्यम से करवाए। कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ.सुनील तिवारी ने बताया कि जिले में कुल 1791 बी एवं सी बूथ बनाए गए है। जिसमें 1247 बी बूथ एवं 544 सी बूथ बनाए गए है, इसी प्रकार ट्रांजिट टीम 42 एवं मोबाईल टीम 19 है। देवास जिले में जन्म से 5 वर्ष तक के कुल 01 लाख 90 हजार 366 बच्चे पल्स पोलियो अभियान में दवा पिलाने हेतु चिन्हित किये गये है। जिसमें देवास शहरी क्षेत्र 34 हजार 599, विकासखण्ड बरोठा 27 हजार 744, विकासखण्ड सोनकच्छ 20 हजार 540, विकासखण्ड टोंकखुर्द 15 हजार 809, विकासखण्ड बागली 38 हजार 288, विकासखण्ड खातेगांव 22 हजार 400 एवं विकासखण्ड कन्नौद 30 हजार 986 बच्चे है। इस हेतु आवश्यक वैक्सीन जिला वैक्सीन स्टोर के माध्यम से समस्त वैक्सीन फोकल प्वाईंट में समय पर उपलब्ध करा दी जायेगी।

वैक्सीन के अतिरिक्त समस्त संसाधन जैसे वैक्सीन कैरियर, आईसपैक आईएलआर, डीपफ्रीजर, कोल्डबाक्स आदि पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराया जा चुका है। वैक्सीनेटर व सुपरवाईजर के ड्युटी आदेश जारी किया जाकर उनका प्रशिक्षण सतत जारी है। जिसे 9 अक्टूबर 2025 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक, सिविल सर्जन डॉ. आर.पी. परमार, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सुनील तिवारी, डब्लू.एच.ओ. एसएमओ डॉ.अभिषेक बछोतिया, आईएमए से डॉ. बीआर शुक्ला, नर्सिंग होम एसोसिएशन से डॉ. पुनीत माहेश्वरी, आईएपी से डॉ. महेश बावने, अमलतास कॉलेज से डॉ. प्रशांत, रोटरी क्लब से डॉ.सचिन नागर अन्य सम्बंधित विभाग के अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के सभी जिला कार्यक्रम नोडल अधिकारी, बीएमओ, बीपीएम सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

# ट्रस्ट का दशहरा मिलन और प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

लक्ष्मीपुरा स्थित मराठा समाज भवन में 5 अक्टूबर 2025 को क्षत्रिय मराठा समाज पब्लिक ट्रस्ट द्वारा भव्य दशहरा मिलन समारोह एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह का मुख्य उद्देश्य समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाले विद्यार्थियों, शिक्षकों, डॉक्टरों, इंजीनियरों और वकीलों का सम्मान करना रहा। इस गरिमामयी कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक राजमाता गायत्री राजे पवार रहीं। मुख्य अतिथि राजे ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में उन्होंने समाज की एकजुटता, शिक्षा और युवाओं के समग्र विकास पर बल दिया। उन्होंने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि समाज का भविष्य इन उभरते हुए प्रतिभावान युवाओं और समर्पित पेशेवरों पर टिका है। कार्यक्रम का सुचारु संचालन समन्वयक अध्यक्ष उमेश निम्बालकर ने किया, जिन्होंने अतिथियों और समाजजन के बीच एक सशक्त संवाद से माहौल को ऊर्जावान बनाए रखा। अंत में सचिव राजेंद्र लाड ने सभी आगंतुकों, अतिथियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप




### किशोर दा और लता को 12 घंटे तक गीत गाकर दी स्वरांजलि

**खंडवा।** स्वरांजलि कराओके म्यूजिकल ग्रुप, खंडवा के तत्वावधान में 5 अक्टूबर को माणिक्य वाचनालय में कराओके ट्रैक पर 12 घंटे तक चलने वाला शानदार गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर गायकों और गायिकाओं ने किशोर दा और लता मंगेशकर को अपनी सुरमयी श्रद्धांजलि दी। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि किशोर दा की पुण्यतिथि के पूर्व उनके पुश्तैनी मकान के पास आयोजित इस कार्यक्रम में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किए। प्रमुख गीतों में हम बंजारों की बात, तेरे इश्क का मुझ पर, ये लाल रंग, तेरे चेहरे में वो जादू है, पल पल दिल के पास, और गुलाबी आंखें जो तेरी देखी शामिल रहे। संजय पूर्वे, भावना छाबड़िया और रोशनी पहलवान ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अन्य कलाकारों में गायत्री स्वामी, श्वेता हरिसखी, रवि झंकार, प्रवीण सिराले, अमर गाठे और राजिक मेनन ने भी बेहतरीन गायिकी से कार्यक्रम में रंग भर दिए। कार्यक्रम में शामिल सभी गायकों को संस्था की ओर से प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। प्रशस्ति पत्र पंजाब नेशनल बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक अंकित कुमार और समाजसेवी सुनील जैन के हाथों दिए गए। "संगीत ही हमारा जीवन है" इस उद्देश्य के साथ संस्था ने आयोजन कर संगीत प्रेमियों में उत्साह और हर्ष का वातावरण बनाया। संस्था के संचालक गजानंद धात्रक ने इस कार्यक्रम के माध्यम से संगीत परंपरा को आगे बढ़ाने की सराहनीय पहल की। कार्यक्रम का संचालन श्वेता हरिसखी ने किया और अंत में रवि नीरज फनकार ने सभी कलाकारों व संगीत प्रेमियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### आज मंडी में नीलामी बंद

**हरदा।** मंगलवार को कृषि उपज मंडी प्रांगण हरदा में नीलामी कार्य बंद रहेगा। सचिव कृषि उपज मंडी समिति हरदा ने बताया कि 7 अक्टूबर को महर्षि वाल्मिकी जयंती का शासकीय अवकाश होने के कारण मण्डी प्रांगण हरदा में कृषि उपजों का नीलामी कार्य बंद रहेगा। किसान 7 अक्टूबर को मंडी प्रांगण में अपनी कृषि उपज विक्रय के लिये नहीं लावें।

## पूर्वमंत्री कमल पटेल के जन्मदिन पर हुआ निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

# पहले दिन 3629 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण, आज भी लगेगा शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

पूर्व कृषि मंत्री, कमल पटेल के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। हरदा के सनफ्लावर इंग्लिश मीडियम स्कूल में आयोजित शिविर का आयोजन रोहित पंडित के नेतृत्व में किया गया। कमल पटेल का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण एवं आमजन को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराना रहा। शिविर के पहले दिन ही 3629 लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान 313 ईसीजी, 168 सोनोग्राफी, 318 आर.बी.एस., 280 डिजिटल एक्स-रे और 1941 रक्त जांचें की गईं। साथ ही सभी मरीजों को निःशुल्क दवाइयाँ वितरित की गईं। जांचों के बाद 139 गंभीर मरीजों को उन्नत उपचार के लिए भोपाल रेफर किया गया, एवं शिविर में लगभग 17 समाजसेवियों द्वारा रक्तदान भी किया गया। अंकित द्विवेदी ने कहा कि मुख्य उद्देश्य जन सामान्य तक गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएँ पहुँचाना है, साथ ही शिक्षा, रोज़गार , महिला सशक्तीकरण एवं संस्कृति संरक्षण करना है। खिलता कमल जनकल्याण सामाजिक संस्थान के अध्यक्ष संदीप पटेल ने कहा हमारा लक्ष्य है कि कोई भी व्यक्ति आर्थिक कठिनाइयों के कारण इलाज से वंचित न रहे।

### शिविर जनसेवा की भावना को साकार करता



यह शिविर जनसेवा की भावना को साकार करता है।" ग्रामीणों ने इस आयोजन को "जनकल्याण का सच्चा उदाहरण" बताया। ग्राम गंगला निवासी संजय कुमार ने बताया कि उन्हें काफी समय से दर्द से पीड़ित थे। अब उनका ऑपरेशन निःशुल्क होगा और वह पुनः स्वास्थ्य हो सकेंगे। टिमरनी निवासी जिहादी लाल ने कहा कि वह स्वास रोग से पीड़ित थे यहां संपूर्ण जांच और उपचार मिला है। इस अवसर पर कमल पटेल, खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, विधायक नेपानगर मंजू दादू, अनिरुद्ध पंडित, जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा, बसंत राजपूत सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधिगण एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।




### बधाई देने लगा तांता

पूर्व मंत्री कमल पटेल के जन्मदिन पर उन्हे बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। सुबह से उनको बधाई देने के लिए बड़ी संख्या में लोग उनके यहाँ पहुंचे। इसके अलावा विभिन्न स्थानों पर भी भव्य स्वागत किया गया। श्री पटेल समर्थकों के साथ जन्मदिवस के उपलक्ष्य में पंडित दीनदयाल उपाध्याय रसोई केंद्र हरदा पहुंचे। जहां उन्होंने जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क स्वादिष्ट भोजन कराया एवं बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## शिक्षा विभाग अंतर्गत संभाग स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता संपन्न

# 14 व 19 वर्ष बालक और बालिका वर्ग में प्रतिभाओं ने दिखाया हुनर



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

शिक्षा विभाग अंतर्गत संभाग स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता सोमवार को स्थानीय नेहरू स्टेडियम में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में 14 व 19 वर्ष बालक एवं बालिका वर्ग में हरदा, नर्मदापुरम एवं बैतूल जिले के बालक एवं बालिका वर्ग की टीमों ने भाग लिया। जिला शिक्षा अधिकारी डी.एस. रघुवंशी ने बताया कि सभी वर्ग में लीग मैच खेले जा रहे है। लीग मैच के आधार पर खिलाड़ियों का चयन कर राज्य स्तर हेतु टीम बनेगी। उन्होने बताया कि चयनित खिलाड़ी 19 वर्ष आयु वर्ग के जबलपुर में एवं 14 वर्ष आयु वर्ग के चयनित खिलाड़ी पन्ना में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता करेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी रघुवंशी ने बताया कि प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर पूर्व मंत्री कमल पटेल, हरदा कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, पुलिस अधीक्षक शशांक, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा, जिला ओलम्पिक संघ अध्यक्ष संदीप पटेल ने खिलाड़ियों से परिचय किया। प्रतियोगिता में पूर्व मंत्री कमल पटेल ने खिलाड़ियों को ''खेलेगा हरदा जीतेगा हरदा'' का उदघोष कर विजय होने की शुभकामनाएं दी। कलेक्टर श्री जैन ने बच्चों को कहा कि खेल अनुशासन संयम और नियम सिखाता है। इसलिए प्रत्येक बच्चे को अपनी क्षमता शारीरिक बल के अनुरूप खेल का चयन करके खेलना चाहिए। प्रतियोगिता में प्राचार्य संतोष यादव, व्यायाम शिक्षक राजेश बिलिया, ब्लॉक समन्वयक सलमा खान, मोनिका मेहता, भूपेंद्र सिंह तोमर, राजेश त्रिपाठी, नीरेंद्र सेवारिक, आशीष सेवारिक, प्रवीण बॉथम, दर्शन खोरे, दीक्षा श्रीवास, करण सोनी, राहुल कैथवास, मोहित अवस्थी, अख्तर अहमद, अंकित भूखंडों, हरिभाऊ, पुष्पा धोते सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी व खिलाड़ी उपस्थित थे।

### कल से 15 अक्टूबर तक होंगी क्लस्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं

हरदा। सांसद खेल महोत्सव के तहत हरदा जिले के 20 संकुलों पर 8 से 15 अक्टूबर तक कलस्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होगी। ब्लाक समन्वयक सलमा खान ने बताया कि इस दौरान क्लस्टर स्तर पर खो खो, कबड्डी, रस्साकसी, एथेलेटिक्स, वॉलीबॉल, तैराकी व पिट्टू खेलों का आयोजन किया जाएगा। संकुल स्तर पर ग्रामीण क्षेत्रों के इच्छुक खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। यह प्रतियोगिता ओपन प्रतियोगिता है। प्रतियोगिता का आयोजन संकुल प्राचार्य, जनशिक्षक एवं ग्राम पंचायत सचिव के सहयोग से संपन्न होगी। संकुल स्तर पर चयनित खिलाड़ी 17 नवंबर से आयोजित होने वाली विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे। सुश्री खान ने बताया कि 8 अक्टूबर को हरदा के नीमगांव, टिमरनी के चारखेड़ा व खिरकिया के बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिराली में क्लस्टर स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसी प्रकार 9 अक्टूबर को हरदा के बालागांव, टिमरनी के सोडलपुर, खिरकिया के बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपल्या व उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दीपगांवकला में क्लस्टर स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

## विजयादशमी पर हुआ था हादसा

# पीड़ित परिजनों से विधायक मिल अर्चना चिटनिस ने जताया दुख



**खंडवा।** विजयादशमी के दिन हुए उस दर्दनाक हादसे में, जब एक ट्रैक्टर-ट्रॉली तालाब में पलट गई थी, 11 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें बच्चे भी शामिल थे। सोमवार को बुरहानपुर विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस पंधाना विधानसभा के ग्राम पाडल्या फाटा पहुंचीं, जहां उन्होंने मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। परिजनों की पीड़ा सुनकर अर्चना चिटनिस भावुक हो गईं और उनकी आंखों से आंसू निकल आए। इस मौके पर पंधाना विधायक छाया मोरे, भाजपा जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, खंडवा महापौर अमृता यादव, छैगांवमाखन जनपद पंचायत अध्यक्ष महेंद्र सिंह सांवनेर, पंकज पुरनी, अमर यादव, भिकनगांव नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय महाजन, गुलाबसिंह वास्कले, उमेश मिश्रा, प्रियांशु चौरे, लल्ली बना, चंद्रपाल सिंह तोमर, आनन्द सिंह चौहान, कृष्णपाल सिंह राजावत सहित अन्य जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### यह बहुत दुखद घटना है

अर्चना चिटनिस ने कहा कि यह बहुत दुखद घटना है। जब जानकारी मिली तो मन बेहद व्यथित हुआ और इसलिए आपसे मिलने आई हूं। उन्होंने मीडिया से चर्चा के दौरान कहा कि माताजी के विसर्जन के दौरान हुए इस हृदयविदारक हादसे में 11 लोगों की मौत हुई है। आज मैंने मृतकों और घायलों के परिजनों से मुलाकात कर उनके दुख में सहभागी बनने की कोशिश की है। इस पीड़ादायक घड़ी में ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को शांति और परिवारों को संबल मिले। पूरा क्षेत्र इस अपूरणीय क्षति से दुखी है और हम सभी उनके साथ हैं।

### चिटनिस ने अंजनगांव जाकर भी जताया दुख

अर्चना चिटनिस ने पंधाना विधानसभा के ग्राम अंजनगांव पहुंचकर मृतक रामदेव चौहान के परिजनों से भी मुलाकात की और शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने घायलों से मिलकर उनका हालचाल जाना और शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। चिटनिस ने कहा कि इस कठिन समय में हम सभी मृतक परिवारों के साथ हैं।

# पंचायत स्तर पर ट्रैक्टर रैली, किसान कर रहे विरोध



**हरदा।** जिले में किसान संगठन आम किसान यूनियन द्वारा लगातार प्रदर्शन किया जा रहा है। ग्राम पंचायत देवतालाव, बैड़ी, खमापड़वा, आदमपुर में विशाल ट्रैक्टर रैली निकाल कर ग्राम पंचायत सरपंच व सचिव को मांगों को लेकर ज्ञापन दिया। यूनियन के राम ईनानिया ने बताया कि प्रमुख मांगों में अतिवृष्टि कीट एवं वायरस से नष्ट हुई फसलों का तुरंत सर्वे कर किसानों को मुआवजा प्रदान किया जाए। भावांतर योजना को तुरंत प्रभाव से बंद किया जाए, रासायनिक उर्वरक डीएपी एवं यूरिया की उपलब्धता सुलभ की जाए, सन्नास्या मे बेसहारा मवेशीयो से फसले बर्बाद हो रही है उनका उचित प्रबंधन गौशालाओं में किया जाए। इसके अलावा अन्य मांगों में ग्राम देवतालाव के किसान रुपेश कापड़िया, बैडी के किसान धनंजय टाडा, आदमपुर के सौरभ जाखड़ एवं जितेंन्द्र सांगवा ने कहा है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित है फिर क्यों सरकार किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान नहीं करती है। खामापड़वा के किसान संतोष चावड़ा एवं देवेंद्र गहलोत ने कहा की जिन किसानो की सोयाबीन, मक्का फसल ख़राब हो गई है। तुरंत राहत राशि दी जाये।

## कलेक्टर ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक में की चर्चा

# भावांतर भुगतान योजना के पंजीयन में तेजी लाने दिए निर्देश

**खंडवा।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने सभी एसडीएम और तहसीलदारों को निर्देश दिए कि सोयाबीन फसल के लिए प्रारंभ की गई "भावांतर भुगतान योजना" के पंजीयन कार्य में तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा से फसल क्षति का सही आकलन किया जाए और जो किसान राहत राशि के पात्र हैं, उनके प्रकरण शीघ्र तैयार किए जाएं। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों में स्मार्ट क्लास की सुविधा शुरू करें, ताकि बच्चे इंटरनेट के माध्यम से ऑनलाइन अध्ययन कर सकें। साथ ही स्मार्ट क्लास की सामग्री की सुरक्षा और शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण दिलाने के निर्देश भी दिए।




### मजदूरों को संबल योजना का लाभ दिलाने के निर्देश

कलेक्टर ने होमगार्ड और एसडीईआरएफ अधिकारियों को दुर्घटनाओं पर तुरंत प्रतिक्रिया देने और राहत कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को संबल योजना से संबंधित लंबित आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि पंजीबद्ध श्रमिक की मृत्यु होने पर पंचायत सचिव मृतक के घर जाकर आवेदन लें और सहायता राशि स्वीकृति हेतु प्रकरण तैयार करें।

### बोरी बंधान से वर्षा जल रोकने के निर्देश

कलेक्टर ने सभी एसडीएम को 108 एंबुलेंस सुविधा की सतत मॉनिटरिंग करने और जनपद पंचायतों को नदी-नालों पर बोरी बंधान निर्माण कार्य में तेजी लाने को कहा। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु समाप्ति की ओर है, इसलिए वर्षा के पानी को व्यर्थ न बहने दें बल्कि बोरी बंधान के माध्यम से उसे रोककर जलस्तर बढ़ाने का प्रयास करें।

### "एक बगिया मां के नाम" 82 हजार पौधे लगाए

कलेक्टर ने सहायक कलेक्टर डॉक्टर श्रीकृष्णा सुशिर को किल्लौद के न्यू बोर्न चाइल्ड वार्ड का निरीक्षण कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जनपद पंचायतों को "एक बगिया मां के नाम" योजना के तहत पौधारोपण कार्य में तेजी लाने को कहा। बैठक में बताया गया कि जिले में अब तक 82,030 पौधे लगाए जा चुके हैं।

## कलेक्टर ने तैयारियों की समीक्षा की

# ओपन शतरंज प्रतियोगिता 25 और 26 को खंडवा में होगी



**खंडवा।** मध्य प्रदेश एडहॉक शतरंज संगठन इंदौर के निर्देशन में खंडवा में आयोजित होने जा रही "श्री दादाजी धूनीवाले फीडे रेटिंग ओपन शतरंज प्रतियोगिता" 25 और 26 अक्टूबर को अरविंद कुमार नितिन कुमार हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने रविवार शाम आयोजन स्थल पर बैठक लेकर समीक्षा की। आयोजन जिला शतरंज संघ खंडवा द्वारा किया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा, खिलाड़ियों और उनके पेरेंट्स को असुविधा न हो।

### दूसरी बार प्रतियोगिता

आयोजन समिति के सुनील शर्मा ने बताया कि खंडवा में दूसरी बार अंतरराष्ट्रीय स्तर की शतरंज प्रतियोगिता हो रही है, जिसमें लगभग 700 खिलाड़ियों के शामिल होने की संभावना है। यह प्रतियोगिता फीडे के अंतरराष्ट्रीय नियमों के आधार पर खेली जाएगी। नए खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय रेटिंग प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। जिला शिक्षा अधिकारी पीएस सोलंकी, निमाण एजुकेशन सोसाइटी के सचिव प्रज्ञान गुप्ता मौजूद रहे।

## बुआई के पहले सरकारी जमीनों से अतिक्रमण हटेंगे

# आने वाले अतिथियों का स्वागत बेम्बू कलाकृतियों से किया जाएगा



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

एक जिला एक उत्पाद के तहत जिले से चयनित बांस की कलाकृतियों को पहचान देने के लिये अब जिले में आने वाले अतिथियों का स्वागत गुलदस्ते की जगह उक्त कलाकृतियों से किया जाएगा। ये कलाकृतियाँ घरों में सजाने के लिये किफायती एवं खूबसूरत हैं। सोमवार को आयोजित समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने कहा कि जिले में बांस से उत्पादित कलाकृतियों के विक्रय को बढ़ावा दिया जाए एवं बाजार में इनकी पहचान भी बनाई जाए। बैठक में उन्होने जैविक मूंग की प्रोसेसिंग एवं उससे बने उत्पादों को बढ़ावा देने के भी निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले के बड़े किसानों को अपनी खेती के कुछ हिस्से में जैविक खेती अपनाने के लिये प्रेरित किया जाए। इसके लिये संबंधित विभाग के अधिकारी किसानों से सम्पर्क कर उनको जैविक खेती के लाभों से अवगत कराएं। कलेक्टर ने यह भी कहा कि रबी की बुआई शुरू होने से पूर्व सरकारी जमीनों पर खेती के उपयोग के लिये किये गये अतिक्रमण को हटाया जाए।

### थूकने वालों पर लगेगा जुर्माना

बैठक में संयुक्त कार्यालय भवन (कलेक्ट्रेट) में स्वच्छता बनाये रखने पर भी जोर दिया गया। कलेक्टर ने कहा कि यदि कोई अधिकारी कर्मचारी परिसर में पान अथवा गुटखा खाकर थूकता हुआ मिलेगा तो उस पर 5 हजार रूपये तक का जुर्माना किया जा सकेगा। बैठक में क्षतिग्रस्त सड़कों की तत्काल मरम्मत करने के संबंधित सड़क निर्माण एजेन्सियों को निर्देश दिये गये। इस दौरान सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के समय सीमा में निराकरण की स्थिति की भी समीक्षा की गई। साथ ही कहा गया कि दर्ज शिकायतों का यथा संभव संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया जाए। अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों से कहा गया कि वे उनके कार्यालयों से संबंधित शतप्रतिशत नस्तियां ई-ऑफिस व्यवस्था के माध्यम से ही प्रेषित करें। इस दौरान अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, जिला पंचायत के प्रभारी सीईओ प्रवीण इवने सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

**// इश्तहार प्रकाशन सूचना //**

आम नागरिको को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद् इटारसी की दुकान कच्ची प्लाट नं. शीट नं. 13x14 चावल लाइन जो कि नगर पालिका अभिलेख में किरायेदारी की दुकान श्रीमती मीना W/O प्रकाश चंद खण्डेलवाल के नाम से दर्ज है जो किरायेदारी नाम परिवर्तन श्री विनायक सोनी S/O विष्णु सोनी के नाम किरायेदारी में नाम परिवर्तन कराना चाहते है उक्त दुकान की किरायेदारी नाम परिवर्तन कराये जाने में किसी को आपत्ति है तो सभी मय दस्तावेज के साथ कार्यालय नगर पालिका परिषद् इटारसी के कार्यालीन समय में 15 दिवस के अंदर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि होने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् इटारसी**

**// इश्तहार प्रकाशन सूचना //**

आम नागरिको को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद् इटारसी की दुकान पक्की/कच्ची प्लाट नं. चावल लाइन की दुकान जो कि नगर पालिका अभिलेख में किरायेदारी की दुकान श्री प्रकाश चंद S/O मामराज खण्डेलवाल के नाम से दर्ज है जो किरायेदारी नाम परिवर्तन श्री विनायक सोनी S/O विष्णु सोनी के नाम किरायेदारी में नाम परिवर्तन कराना चाहते है उक्त दुकान की किरायेदारी नाम परिवर्तन कराये जाने में किसी को आपत्ति है तो सभी मय दस्तावेज के साथ कार्यालय नगर पालिका परिषद् इटारसी के कार्यालीन समय में 15 दिवस के अंदर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि होने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् इटारसी**